# हरियाणा विधान सभा

**सोमवार, 10 सितम्बर, 2018**

*को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले*

**अतारांकित प्रश्न**

---

## किसानों की ओर बकाया राशि

**638. श्री परमेन्द्र सिंह ढुल, एम०एल०ए० :** क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) आज तक राज्य में किसानों की ओर लंबित लैंड मोर्टगेज बैंक की बकाया राशि का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) आज तक राज्य में किसानों की ओर लंबित सहकारिता बैंक की बकाया राशि का जिलावार ब्यौरा क्या है ?

---

## नम्बरदार के पद को समाप्त करना

**713. श्री करण सिंह दलाल, एम०एल०ए० :** क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या राज्य में नम्बरदार के पद को समाप्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

---

## स्कूल ईमारत का पुनर्निर्माण

**645. श्री वेद नारंग, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि बरवाला निर्वाचनक्षेत्र के गांव नियाना में राजकीय उच्च विद्यालय की ईमारत जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त ईमारत के पुनर्निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

---

## 33 के.वी. सब–स्टेशन स्थापित करना

**700. श्री घनश्याम सर्राफ, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि भिवानी विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बामला तथा मानहेरू में 33 के.वी. सब–स्टेशन स्थापित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई है; यदि हां, तो इसके कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

---

## स्वतंत्र फीडर से बिजली की आपूर्ति

**642. श्री पिरथी सिंह, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि नरवाना निर्वाचनक्षेत्र के गांव गुरथली, नरवाना, मोहलखेड़ा, हथों तथा ढ़ाकल में शिफ्ट आधार पर नलकूपों के लिए बिजली आपूर्ति की जाती है ; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त गांवों को स्वतंत्र फीडर से बिजली आपूर्ति करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

---

## विकास के लिए पांच करोड़ रुपये अनुदान

**653. श्री ललित नागर, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि विकास के लिए प्रत्येक विधान सभा सदस्य को 5 करोड़ रुपये दिये जाने की घोषणा माननीय मुख्य मंत्री द्वारा की गई थी; यदि हां, तो आज तक कुल कितने विधायकों को यह अनुदान प्राप्त हुआ है ?

---

## अध्यापकों के लिए स्वीकृत पदों की कुल संख्या

**652. श्री उदय भान, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों में स्वीकृत अध्यापकों के पदों की कुल संख्या का कैडर–वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों में नियमित कार्यरत अध्यापकों की कुल संख्या कैडर–वार तथा श्रेणी वार जैसे एस.सी./बी.सी./जनरल इत्यादि कितनी है; तथा

(ग) राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों में कार्यरत गैस्ट अध्यापकों की कैडर–वार तथा श्रेणीवार कुल संख्या कितनी है ?

---

## रिहायशी कॉलोनी का निर्माण

**682. श्री राजदीप सिंह, एम०एल०ए० :** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी के नागरिक अस्पताल में कार्य कर रहे चिकित्सकों तथा कर्मचारियों के लिए रिहायशी कॉलोनी का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

---

## किसानों को मुआवजा

**659. श्री ओम प्रकाश बरवा, एम०एल०ए० :** क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गांव सेहर के किसानों को मार्च, 2016 में भारी ओलावृष्टि के कारण हुई उनकी फसल की क्षतियों के लिए मुआवजा देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा उपरोक्त किसानों को कब तक मुआवजा दिए जाने की संभावना है ?

---

## वाटर लोगिंग सक्शन मशीन लगाना

**669. श्री अनूप धानक, एम०एल०ए० :** क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि उकलाना निर्वाचनक्षेत्र के गांव साबरवास में वाटर लोगिंग सक्शन मशीन लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक लगाए जाने की संभावना है ?

---

## रेलवे उपरि पुल का निर्माण करना

**689. श्री कुलदीप बिश्नोई, एम०एल०ए० :** क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जवाहर नगर–दरौली फाटक पर रेलवे उपरि पुल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति

**691. श्रीमती रेणुका बिश्नोई, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हांसी निर्वाचनक्षेत्र में नहरों के अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## महिला महाविद्यालय खोलना

**665. श्री जसबीर देसवाल, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या पिल्लूखेड़ा ब्लॉक में महिला महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

---

## दर्ज मामलों का ब्यौरा

**651. श्री जाकिर हुसैन, एम०एल०ए० :** क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) 24 जनवरी, 2016 को नूंह, पुलिस स्टेशन में दर्ज मामलों का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) पिछले 10 वर्षों के दौरान राज्य में दर्ज मामलों की जिलावार तथा अपराध–वार संख्या कितनी है ?

---

## स्वर्ण जयंती पार्क का निर्माण करना

**693. श्री कुलवंत राम बाजीगर, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या चीका कस्बे की डी.ए.वी. कॉलोनी में स्वर्ण जयंती पार्क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

---

## दैनिक वेतन कर्मचारियों की नियुक्ति

**670. श्री नसीम अहमद, एम०एल०ए० :** क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य के बिजली विभाग में इस समय कार्य कर रहे स्थायी तथा दैनिक वेतन कर्मचारियों का जिलावार ब्यौरा क्या है तथा वर्ष 2014 से 2018 के दौरान दैनिक वेतन पर नियुक्त किए गए कर्मचारियों की जिलावार संख्या कितनी है ?

---

## दिल के दौरों के कारण मृत्यु

**676. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम०एल०ए० :** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में दिल के दौरों के कारण मृत्यु बहुत बढ़ गई हैं;

(ख) वर्ष 2015–16, 2016–17 तथा 2017–18 में दिल के दौरों के कारण जिलावार मौतों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) यदि हां, तो लोगों को दिल के दौरे से बचाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए ?

---

## किसानों के लिए योजनाएं

**699. डॉ० पवन सैनी, एम०एल०ए० :** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि किसानों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा आरम्भ की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त योजनाओं के अतंर्गत सरकार द्वारा किसानों को अब तक क्या–क्या लाभ उपलब्ध करवाए गए ?

---

## धान की फसल का बोया गया कुल क्षेत्र

**639. श्री परमेन्द्र सिंह ढुल, एम०एल०ए०**
**श्री जसविन्द्र सिंह संधू, एम०एल०ए०** : क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) राज्य में वर्ष 2017 के दौरान धान की फसल का बोया गया जिलावार कुल क्षेत्र कितना है; तथा

(ख) ऊपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट राज्य में फसल की अधिप्राप्ति का एजेंसी–वार ब्यौरा क्या है ?

---

## अनुकम्पा नीति पुनः आरम्भ करना

**714. श्री करण सिंह दलाल, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या राज्य में मृतक सरकारी कर्मचारियों के आश्रित को रोजगार देने के लिए अनुकम्पा नीति को पुनः आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त नीति को कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

---

## विद्यालयों में कमरों का निर्माण

**646. श्री वेद नारंग, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बरवाला निर्वाचनक्षेत्र के गांव धांसू में राजकीय उच्च विद्यालय में कमरों के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

---

## नये बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण

**644. श्री पिरथी सिंह, एम०एल०ए० :** क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) नरवाना शहर में नई बस्ती कॉलोनी, आजाद नगर कॉलोनी तथा गांधी नगर कॉलोनी के लिए एक नये बूस्टिंग स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक स्थापित किये जाने की संभावना है ?

---

## महाविद्यालय भवन का पुनर्निर्माण

**683. श्री राजदीप सिंह, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या दादरी जिले के बौंद कलां में राजकीय महाविद्यालय के भवन का पुनर्निर्माण करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

---

## रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण

**660. श्री ओम प्रकाश बरवा, एम०एल०ए० :** क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गांव बरालू के खेतों की तरफ जाने वाले रास्ते पर रेलवे अंडर ब्रिज निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त अंडर ब्रिज को कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

---

## खिलाड़ियों के लिए सुविधा उपलब्ध करवाना

**690. श्री कुलदीप बिश्नोई, एम०एल०ए० :** क्या खेल एवं युवा मामले मंत्री कृपया बताएंगे कि आदमपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों को अच्छी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## ऑटो मार्किट की वर्तमान स्थिति

**692. श्रीमती रेणुका बिश्नोई, एम०एल०ए० :** क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि हाँसी की ऑटो मार्किट के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## आई.टी.आई. खोलना

**666. श्री जसबीर देसवाल, एम०एल०ए० :** क्या औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री कृपया बताएंगे कि सब तहसील पिल्लूखेड़ा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## डी.एस.पी. के पदों की संख्या

**703. श्री जाकिर हुसैन, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने वाले पदोन्नति कोटे के पुलिस उप–अधीक्षक के रिक्त पदों की संख्या कितनी है तथा उक्त पद कब से रिक्त पड़े हैं तथा उपरोक्त पदों को पदोन्नति के माध्यम से कब तक भरे जाने की संभावना है ?

---

## जिमखाना कल्ब खोलना

**694. श्री कुलवंत राम बाजीगर, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गुहला चीका शहर में जिमखाना कल्ब खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## महिलाओं के विरुद्ध अपराध दर

**677. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम०एल०ए० :** क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध बढ़े हैं; यदि हां, तो 1 अप्रैल, 2015 से जून, 2018 की अवधि के दौरान महिलाओं के विरुद्ध अपराध का मास–वार तथा जिलावार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि जहां महिला पुलिस स्टेशन खोले गए हैं उन जिलों में अपराध दर कम हुई है; यदि हां, तो उक्त पुलिस स्टेशनों के खुलने से पहले तथा बाद में तुलनात्मक अपराध दर का ब्यौरा क्या है ?

---

## परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या

**640. श्री परमेन्द्र सिंह ढुल, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) वर्ष 2014 से 2018 के दौरान राज्य में 10 वीं तथा 12वीं कक्षा की परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की वर्षवार संख्या कितनी है;

(ख) ऊपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट राज्य में कुल उत्तीर्ण तथा असफल विद्यार्थियों का प्रतिशत कितना है;

(ग) ऊपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट राज्य में लड़कों तथा लड़कियों का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत कितना है;

(घ) ऊपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट राज्य में शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत कितना है; तथा

(ङ) ऊपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट राज्य में राजकीय विद्यालयों तथा निजी विद्यालयों का उत्तीर्ण प्रतिशत कितना है; तथा ऊपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट राज्य में नकल करते पकड़े गए मामलों की संख्या कितनी है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

---

## शुगर मिलों में लंबित अदायगी

**715. श्री करण सिंह दलाल, एम०एल०ए० :** क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) राज्य में कार्यरत सहकारी शुगर मिलों की संख्या कितनी है; तथा

(ख) क्या किन्ही शुगर मिलों में किसानों के गन्ने से सबंधित कोई अदायगी लंबित है; तथा

(ग) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त अदायगी कब तक किए जाने की संभावना है ?

---

## माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा

**647. श्री वेद नारंग, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि बरवाला शहर में 13 अगस्त, 2016 को हुई विकास रैली में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं का ब्यौरा क्या है तथा कितनी घोषणाएं पूरी की गई तथा वर्तमान में कितनी घोषणाएं लम्बित पड़ी है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

---

## सर्विस लेन का प्रावधान करना

**650. श्री पिरथी सिंह, एम०एल०ए० :** क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि नरवाना शहर के मुख्य संस्थान जैसे तकनीकी संस्थान, बहु–तकनीकी–संस्थान, सामान्य अस्पताल, के.एम. राजकीय महाविद्यालय, बस स्टैंड तथा लघु सचिवालय एन.एच.–71 पर स्थित है; तथा

(ख) यदि हां, तो एन.एच.–71 से उपरोक्त संस्थानों तक पहुंचने के लिए कट, स्लीप रोड अथवा सर्विस लेन का प्रावधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

---

## चैम्बरों का निर्माण

**686. श्री राजदीप सिंह, एम०एल०ए० :** क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि जिला दादरी के सचिवालय में टंकको तथा पंजीकृत स्टैम्प विक्रेताओं के लिए स्थाई चैम्बरों के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

---

## उचित बिजली की आपूर्ति

**661. श्री ओम प्रकाश बरवा, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि देवसर फीडर के माध्यम से सिवानी बिजली घर से बिजली जुड़ी होने के पश्चात् लोहारू निर्वाचनक्षेत्र में सिवानी ब्लॉक के गांव बरवा में उचित बिजली की आपूर्ति नहीं की गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो स्वतन्त्र फीडर के माध्यम से उक्त गांव को बिजली आपूर्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा स्वतन्त्र फीडर के माध्यम से बिजली की आपूर्ति कब तक किए जाने की संभावना है ?

---

## बस अड्डा स्थानांत्रित करना

**667. श्री जसबीर देशवाल, एम०एल०ए० :** क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि सफीदों के बस अड्डे को शहर से बाहर स्थानांत्रित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

---

## सड़क की मरम्मत तथा चौड़ा करना

**704. श्री जाकिर हुसैन, एम०एल०ए० :** क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि ईस्माइलाबाद से गांव जोधपुर जनधेड़ी तक सड़क बहुत बुरी अवस्था में है तथा तुरंत चौड़ा करने तथा मरम्मत करने की आवश्यकता है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़क के कब तक चौड़ा करने तथा मरम्मत किए जाने की संभावना है ?

---

## लिंडारा घाट का पुनर्निर्माण

**695. श्री कुलवंत राम बाजीगर, एम०एल०ए० :** क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि गांव भूना में लिंडारा घाट के पुनर्निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक पुनर्निर्मित किए जाने की संभावना है ?

---

चण्डीगढ़ :
दिनांक 1 सितम्बर, 2018.

सचिव,
हरियाणा विधान सभा।

56520—H.V.S.—H.G.P., Chd.